5140

4069 **1000Rs.**

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

Sale 150000/- Telaiya-9246T 25/07 st 6000/-

Fee 1500-00
KG 36-00
dept 2-00
Addl fee 1-88
1542-88

24.7.04

Abbi No 2395 to 2397

**लेख्यकारी** :– (1) श्री पकज सहाय (2) श्री राजन सहाय दोनों के पिता का नाम स्व0 सोमेश्वर प्रसाद जाति कायस्थ पेशा गृहस्थी वो व्यवसाय राष्ट्रीयता भारतीय निवास स्थान साकिन वो पत्रालय झुमरीतिलैया, वार्ड नं0 14 चौदह थाना तिलैया परगना गुमो सब रजिस्ट्री वो जिला रजिस्ट्री वो जिला कोडरमा ।

**लेख्यधारी** :– श्रीमती सुमित्रा वर्णवाल पति डॉ0 जयप्रकाश नारायण वर्णवाल, जाति मोदी, पेशा चिकित्सक, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास स्थान साकिन वो पत्रालय झुमरीतिलैया, वार्ड नं0 14 चौदह, थाना तिलैया, परगना गुमो सब रजिस्ट्री वो जिला रजिस्ट्री वो जिला कोडरमा ।

Pankaj Sahay 24/7/04

Rajan Sahay 24/7/04

1000 Rs.




-: 2 :-

**लेख्यप्रकार** :– केवाला वैयला कलामी "विक्रय पत्र" ।

**मूल्य** :– मोवलग विक्रय मूल्य 1,50,000/– एक लाख पचास हजार रुपया मात्र।

**सलाना कर** :– खाता नं0 348 का माल 25 पचीस पैसा एवं खाता नं0 190 का माल 07 सात पैसा जिसका मिलजुमला माल 32 बत्तीस पैसा सलाना अलावे शेष ।

**नाम मालिक** :– झारखण्ड सरकार अंचल कोडरमा अन्दर नगरपालिका झुमरी तिलैया वार्ड नं0 14 चौदह तौजी नं0 28 अठाईस।

**सम्पत्ति** :– रकवा मवाजी $9\frac{1}{2}$ नौ पूर्णांक एक बटा दो डिसमिल जमीन हकियत रैयती कायमी वाके मौजा गुमो थाना तिलैया अन्दर नगरपालिका झुमरीतिलैया वार्ड नं0 14 चौदह थाना नं0 12 बारह अन्दर खाता नं0 348 तीन सौ अड़तालिस एवं खाता नं0 190 एक सौ नब्बे प्रगना गुमो सब रजिस्ट्री वो जिला रजिस्ट्री वो जिला कोडरमा ।

Pankaj Sahay 24/7/09

Rajan Sahay 24/7/09

1000Rs.







यह कि खाता नं0 348 की संपत्ति की प्राप्ति लेख्यकारी नं0 (1) श्री पंकज सहाय के खुद नाम से वजरिये रजिस्ट्री केवाला के द्वारा खरीदगी नविस्ते श्री महावीर महतो पिता स्व0 अनूप महतो साकिन मौजा गुमो रजिस्ट्री ऑफिस कोडरमा से हासिल कर दखलकार होकर वो रहकर चले आ रहे हैं वो अभी भी हैं जिसका विक्रय पत्र दस्तावेज संख्या 8795 दिनांक 06/11/1985 ई0 है ।

तथा खाता नं0 190 की संपत्ति की प्राप्ति लेख्यकारीगण के माता श्रीमती निर्मला देवी के नाम से मवाजी रकवा 4 चार डिसमिल वजरिये रजिस्ट्री केवाला के द्वारा खरीदगी नविस्ते श्री नन्हकू पाण्डेय पिता स्व0 कारू पाण्डेय रजिस्ट्री ऑफिस हजारीबाग से हासिल कर दखलकार होकर वो रहकर चली आ रही थी जिसका विक्रय पत्र दस्तावेज संख्या 11115 दिनांक 27/12/1965 ई0 है ।

यह कि उक्त दस्तावेज संख्या 11115/1965 ई0 में लेख्यकारी गण की माता श्रीमती निर्मला देवी के अलावे उनकी चाची श्रीमती रानी देवी का भी नाम अंकित है । जिसे लेख्यकारी गण माता–पिता के मरने के बाद आपसी घरेलू बंटवारा कर लिये । बंटवारा के बाद 4 चार डिसमिल के अलावे 4 चार डिसमिल जमीन लेख्यकारीगण के हिस्से में और मिला जिसमें से लेख्यकारीगण 3 तीन डिसमिल जमीन लेख्यधारी के साथ बिक्री करते हैं । हिस्सा मिलने के बाद से लेख्यकारी गण अपने हक वो हिस्सा की

Pankaj Sahay 24/12/07
Rajan Sahay 24/12/07

1000Rs.






जमीन पर दखलकार होकर वो रहकर अंचल ऑफिस कोडरमा से साल वो साल मालगुजारी सरकारी रसीद अपने माता श्रीमती निर्मला देवी के नाम से हासिल करते चले आ रहे हैं वो अभी भी है जिसका अंचल कार्यालय कोडरमा के रजिस्टर II के पृष्ठ संख्या 306/23 में लेख्यकारी गण के माता श्रीमती निर्मला देवी के नाम से जमाबंदी दर्ज है । जिसका एक मालगुजारी सरकारी रसीद सख्या JN/39, 2026309 दिनांक 05/07/2004 ई0 है ।

सो मन लेख्यकारीगण दखलकार होकर वो रहकर अपना अपना हक वो हिस्सा की जमीन आज तारीख में लेख्यधारी के साथ बिक्री किया । बिक्री भूमि गैरमजरूआ नहीं है । बिक्री भूमि को नक्शा में लाल रंग से दर्शाया गया है । नक्शा केवाला के साथ संलग्न है । बिक्री भूमि का पूरा–पूरा विवरण नीचे दर्ज है ।

**जमीन का विवरण**

मौजा गुमो थाना तिलैया थाना नं0 12 बारह वार्ड नं0 14 चौदह प्रगना गुमो अंचल वो जिला कोडरमा ।

I. अन्दर खाता नं0 348 तीन सौ अड़तालीस ।


II. प्लॉट नं0 1062 दस सौ बारसठ, रकवा 2 $\frac{1}{2}$ दो पूर्णांक एक बटा दो डिसमिल जमीन ।

I. अन्दर खाता नं0 190 एक सौ नब्बे ।

Pankaj Sahay 24/12/04

Rajiv Sahay 24/12/04

1000Rs.






II. प्लौट नं0 1059 दस सौ उनसठ के मध्ये बिक्री रकवा 7 सात डिसमिल जमीन।

दोनों खाता से कुल बिक्री रकवा $9\frac{1}{2}$ नौ पूर्णांक एक बटा दो डिसमिल जमीन का सम्मिलात हाल चौहद्दी उत्तर रामचन्द्र प्रसाद कुशवाहा एवं टेको महतो, दक्षिण रविशकर प्रसाद वर्णवाल एवं भातू महतो, पूरब भातू महतो, पश्चिम राँची पटना रोड वाके है ।


---

जमा खाता 1 एक जमा प्लौट 1 एक जमा रकवा $9\frac{1}{2}$ नौ पूर्णांक एक बटा दो डिसमिल जमीन वाके है ।

**विवरण :–** यह की लेख्यकारी को इस समय रूपये की सख्त जरूरत वास्ते देन महाजन वो अन्य दिगर–दिगर कार्य के जायज़ वो जरूरी है बिना किये बिक्री जमीन के रूपये का मिलना नामुमकिन है इसलिए लेख्यकारी ने लेख्यधारी से यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया, झुमरीतिलैया CSS/N 767051 के द्वारा 90,000 नब्बे हजार एवं युनियन बैंक ऑफ इंडिया, झुमरीतिलैया चेक नं0 – 0138390 के द्वारा 60,000 साठ हजार रूपया कुल मिलाकर 1,50,000/– एक लाख पचास हजार रूपया लेख्यधारी से पाकर उपरोक्त संपत्ति मवाजी रकवा $9\frac{1}{2}$ नौ पूर्णांक एक बटा दो डिसमिल जमीन बिक्री किया वो खास दखल दे दिया । तथा साथ में कुआँ भी बिक्री करते हैं।

Pankaj Sahay 24/7/04
Rajeev Sahay 24/7/04

500Rs.






दखलकार गरदाना चाहिये कि विक्रय सुदे सम्पत्ति पर लेख्यधारी दखल में रहकर अपना जैसा सुविधा समझे वैसा उपभोग मय वारिसान दर लाया करें । जिस किस्म का हक, हकूक दावा दखल आज तक सैय मोवाइया सम्पत्ति पर मैं लेख्यकारी का था या आइन्दा होता वह सब कुल वजीन सहु बदल कर लेख्यधारी मय वारिसान को सुपुर्द किया।

अब चाहिए कि लेख्यधारी अपना नाम हल्का अंचल कार्यालय में अपने नाम दाखिल खारीज कराकर साल वो साल मालगुजारी अदाय कर मालगुजारी रसीद हासिल किया करें ।


मूल्य सम्पत्ति का मोवलग 1,50,000/– एक लाख पचास हजार रूपया चेक के द्वारा वसुल बेबाक पा गये । खर मोहरा जिम्मे लेख्यधारी के पास नहीं रहा और न हीं कब्ज वसुली रसीद की जरूरत रही ।

विक्रय भूमि संपत्ति सभी तरह के वारदेन से पाक वो साफ है । यदि किसी तरह का वारदेन पाया गया तो कुल जरसमन हर्जाना के साथ देनदार लेख्यकारी मय वारिसान है वो होंगे ।

इसलिए खुब सोंच समझकर राजी खुशी वो आनन्द मन से यह विक्रय पत्र केवाला लिख दिया जो की समय पर काम आवे। मोकाम कोडरमा आज तारीख – 24/7/2004 ई०।

Pankaj Sahay 24/7/04
Rajesh Sahay 24/7/04

500Rs.






प्रमाणित किया जाता है कि मूल प्रति एवं द्वितीयक प्रति एक दूसरे का हू ब हू एवं सच्ची प्रतिलिपि है ।

**नोट :—** धारा 6 के मुताबिक मैने कोई लिखित प्रतिवेदन दाखिल नहीं किया है । धारा 8 वो 38 के मुताबिक मुझे कोई नोटिस नहीं मिली है । धारा 10 वो 11 के मुताबिक मेरा नाम सिलिंग ऐक्ट में दर्ज नहीं है ।

**लिपिकार :—**बिनोद कुमार मोकाम कोडरमा ला0 नं0 59/2002 में तसदीक करता हूँ कि मोकीर के कहे अनुसार दस्तावेज़ का प्रारूप तैयार कर कम्प्यूटर टाईपिंग किया जिसे पढ़ वो पढ़वाकर मोकीर सुन समझ लिये तथा सही पाकर अपना हस्ताक्षर बनाया

वा0. का0. बिनोद कुमार 24/7/04

Pankaj Sahay 24/7/04

Typed by :- 23/7/04

Rajeev Sahay 24/7/04

मौजा - गुमो    थाना नं० - 12    वार्ड नं० - 14    थाना - तिलैया    परगना -


जिला - कोडरमा    पैमाना - 1" = 40'    ☐ बिक्री भूमि लाल स्याही से दर्शाया


| खाता नं० | प्लॉट नं० | रकबा | बिक्री रकबा |
| --- | --- | --- | --- |
| 1) 190 | 1069 | 08 डि० | 07 डि० |
| 2) 348 / 02 | 1062 / 02 | 2½ डि० | 02½ डि० |
| | | | 09½ डि० |

चौहदी :- उ० - रामचंद्र प्र० कुशवाहा व टेको महतो  द० - रविशंकर प्र० बर्णवाल
पू० - भातू महतो  प० - राँची - पटना

लेख्यकारी :- 1) श्री पंकज सहाय  पिता - स्व० सोमेश्वर
2) श्री राजन सहाय
साकीन - मौजा - गुमो  वार्ड नं० 14  थाना -
नगरपालिका - झुमरी तिलैया  जिला - कोडरमा (झा

लेख्यधारी :- श्रीमति सुमित्रा बर्णवाल  पति - श्री जय प्रकाश नाथ
साकीन - मौजा - गुमो  वार्ड नं० - 14  थाना -
नगरपालिका - झुमरी तिलैया  जिला - कोडरमा (झा




मै प्र० करता हूं, कि यह नक्शा असल नक्शा का हूबहू सच्ची प्रतिलिपि नक्शा है।

[illegible]
12 - 07 - 04

Pankaj Sahay
24/7/04

Rajen Sahay
24/7/04